# कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए किया बोर्ड का पुनगर्ठन : अर्चना शर्मा

**बीकानेर,**(कासं)। समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ अर्चना शर्मा ने कहा कि महिलाओं, बालक-बालिकाओं, दिव्यांगजन और वृद्धजनों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में है। इस वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध रूप से कार्य कर रही है।

डॉ शर्मा ने बुधवार को सर्किट हाउस में स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक में यह बात कही। डॉ शर्मा ने कहा कि समाज के इन वर्गों के सामने आ रही समस्याएं को दूर करने के लिए नीतिगत प्रयासों के तहत बोर्ड का पुनगर्ठन किया गया है। बोर्ड का प्रयास रहेगा कि सभी फ्लैगशिप व जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिले। इसके लिए नियमित रूप से विभाग और अधिकारियों से फीडबैक लिया जा रहा है।



समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्षा डॉ. अर्चना शर्मा ने स्वयंसेवी संगठनों की बैठक को संबोधित किया।

स्वयंसेवी संगठनों की इन वर्गों के उत्थान में सरकार के साथ अहम भागीदारी की सराहना करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। एनजीओ संवेदनशीलता के साथ बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। स्वयंसेवी संगठन बोर्ड को इन वर्गों के उत्थान के लिए नए सुझाव भिजवाएं। जिससे आगामी बजट में इन प्रस्तावों को शामिल करवाया जा सके।

डॉ शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता, बाल अधिकारिता व अन्य संबंधित विभागों से कार्य का फीडबैक लिया और आवश्यक निर्देश दिए। डॉ शर्मा ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में महिला तस्करी रोकने की दिशा में सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि महिला उत्थान के लिए समाज कल्याण विभाग महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन के लिए प्लेटफार्म तैयार करवाएं। उन्होंने कहा कि अधिक संवेदनशीलता की आवश्यकता वाले तबके के कल्याण के लिए संबंधित विभाग समन्वय करते हुए कार्य करें। समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि नशामुक्ति व नवजीवन योजना के तहत पात्रों के पुनर्वास के लिए काम किया जाए। साथ ही इस दिशा में जागरूकता की भी आवश्यकता है। उन्होंने सभी एनजीओ से अपनी आवश्यकतानुसार लिखित में सुझाव व प्रस्ताव भेजने की बात कही।

इस अवसर पर विभाग के उपनिदेशक एल. डी. पंवार ने जिले की प्रगति से अवगत करवाया। बैठक में बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक कविता स्वामी, समाज कल्याण अधिकारी वाजिद खान, सुनीता गौड़, गजेन्द्र सिंह सांखला, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की मंजू नांगल सहित एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**विमंदित पुनर्वास गृह का अवलोकन :** समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा ने बुधवार को पवनपुरी स्थित विमंदित पुनर्वास गृह (सेवा आश्रम) का अवलोकन किया। डॉ. शर्मा ने बच्चों के बीच बैठ कर उनका हाल जाना। समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष ने संस्था द्वारा विमंदित बच्चों के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाए। मनोज कुमावत ने संस्था का अवलोकन करवाया।

समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष ने बालिका और शिशु गृह, बालिका संप्रेक्षण गृह और नारी निकेतन का निरीक्षण किया। यहां आवासित बालिकाओं और महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने नारी

- **समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा ने स्वयंसेवी संगठनों के साथ की चर्चा**
- **सामाजिक न्याय एवं महिला एवं बाल अधिकारिता व अन्य संबंधित विभागों से कार्य का फीडबैक लिया**

निकेतन की अधीक्षक शारदा चौधरी तथा सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग कविता स्वामी से इन संस्थानों की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और कहा कि अधिकारियों द्वारा इनका नियमित निरीक्षण किया जाए।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक एल. डी. पवार, बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक कविता स्वामी, समाज कल्याण अधिकारी वाजिद खान, भावना गौड़, सुनीता गौड़, गजेन्द्र सांखला व सुंदर लाल आदि उपस्थित थे।

समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ अर्चना शर्मा ने देशनोक स्थित विश्व प्रसिद्ध करणी माता मंदिर में दर्शन किए तथा प्रदेश में अमन और खुशहाली की कामना की। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें मंदिर के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के बारे में बताया।

## आज रोडवेज का चक्का जाम

**अनूपगढ़,** (कासं)। रोडवेज डिपो के सामने संयुक्त मोर्चे के बैनर तले रोडवेज कर्मी 21 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन के 8 वें चरण में 22 नवम्बर से रात बारह बजे से 23 नवम्बर तक रात 12 बजे तक धरना प्रदर्शन किया।

रिटायर्ड कर्मचारी यूनियन के प्रधान लालचंद मांगल ने बताया कि रोडवेज के कर्मचारी काफी समय से 21 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन राजस्थान सरकार का रवैया कर्मचारियों के विरुद्ध है। कर्मचारियों की मांगें सरकार के द्वारा अनसुनी की जा रही है। जिससे रोडवेज कर्मचारी कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। 21 सूत्री मांगों को लेकर रोडवेज के कर्मचारी 24 नवम्बर को रोडवेज बसों का चक्का जाम कर राजस्थान सरकार का विरोध करेंगे।

लालचंद मांगल ने बताया कि सरकार के रोडवेज विरोधी रैवये से रोडवेज कर्मचारी आक्रोशित है। रोडवेज कर्मचारियों द्वारा हड़ताल की पूर्ण तैयारियां कर ली गई हैं। संयुक्त मोर्चे के घटक संगठन एटक, सीटू, इंटक, रिटायरमेंट एसोसिएशन, सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा आंदोलन के 8वें चरण में लगातार दो दिवसीय धरने लगाते हुए हड़ताल को पूर्णतया सफल बनाने की योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। कर्मचारियों के नेता लालचंद मांगल ने बताया कि रोडवेज की बसें बुधवार रात्रि 12 बजे से लेकर गुरूवार रात्रि 12 बजे तक पूर्णत: बंद रहेंगी। बंद के दौरान रोडवेज के सभी कर्मचारी 21 सूत्री मांगों को लेकर राजस्थान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। का. लालचंद मांगल, का. बृजेश कुमार शर्मा, कॉमरेड मनजीत शर्मा, धनराज, गुरलाभ सिंह, कुलदीप सिंह, बलविंदर सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### शिक्षक सम्मेलन पोस्टर का विमोचन



**बीकानेर,**(कासं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन 26 नवम्बर को राउमावि दादा बाड़ी कोटा में आयोजित होगा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि संघ के पोस्टर का विमोचन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव राखी गौतम व सम्मेलन संयोजक परमानंद गोठवाल द्वारा किया गया। प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने बताया कि राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कमेटियों का गठन करके जिम्मेदारी सौंपी गई। सम्मेलन में शिक्षकों की प्रमुख मांगों उप प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले करने, शिक्षकों को बीएलओ नहीं लगाने, उच्च माध्यमिक स्कूलों में अनिवार्य विषयों के पद स्वीकृत करने, दो सत्रों की बकाया पदोनति जल्द करवान, नोशलन लाभ, पातेय वेतन शिक्षकों की पदोन्नति करने आदि पर मंथन किया जायेगा। साथ ही प्रदेश कार्यकारणी में रिक्त पदों सहित जिला कार्यकारणी का पुनर्गठन किया जायेगा। पोस्टर विमोचन के समय प्रदेश सचिव कांग्रेस राखी गौतम, सम्मेलन संयोजक परमानंद गोठवाल, बृजराज मीणा, सुरेश मीणा, बृजराज चौधरी, नवल मीना, हेमराज मीना, प्रदीप मीणा, राकेश गोचर, सुरेश वर्मा, दिनेश कसेरा, गजराज सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

### गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण

**हनुमानगढ़,** (कासं)। चिकित्सा विभाग द्वारा गुरूवार को जिले के समस्त चिकित्सा स्थानों पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (एमसीएचएन-डे) आयोजित कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि गुरुवार को निर्धारित कार्य योजनानुसार एमसीएचएन-डे को महोत्सव के रूप में आयोजित कर जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र (सबसेंटर) पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले में आयोजित टीकाकरण सत्रों में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर प्रसव पूर्व जांच व परामर्श तथा आयरन फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण कर स्वास्थ्य सेवाओं से लाभांवित किया जायेगा। स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा पोषण अभियान अंतर्गत पोषण के बारे में जानकारी भी प्रदान की जायेगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि जिला अधिकारियों, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों व सुपरवाइजरी स्टाफ द्वारा गुरूवार को एमसीएचएन डे पर आयोजित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण भी किया जायेगा।

### गंदे पानी की निकासी की मांग

**अनूपगढ़,** (कासं)। वार्ड नंबर 20 के पार्षद सुनिल बिश्नोई के नेतृत्व में वार्ड नंबर 20, 21 और 22 के पार्षदों ने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी लाजपत बिश्नोई को ज्ञापन देकर गंदे पानी के नाले को ढकने और नई पाइपलाइन डालने की मांग की है। पार्षदों ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि शहर के वार्ड नंबर 20, 21 व 22 में एक बड़ा नाला बना हुआ है। जो लोगों के घरों के सामने से निकल रहा है। जिसके कारण इस नाले में बच्चों और पशुओं के गिरने का खतरा बना रहता है और कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। नाले के कारण कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है। इसलिए उन्होंने मांग की है कि नाले के स्थान पर गंदे पानी की निकासी के लिए भूमिगत मोटी पाइपलाइन बिछाई जाए ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। जब तक पाइपलाइन नहीं बिछाई जाए तब तक नालों को कवर्ड किया जाए ताकि दुर्घटनाएं ना हो। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष सतपाल मुंजाल, पार्षद सुनिल बिश्नोई, पार्षद संजय चुघ, पार्षद भूपेन्द्र सिंह, पार्षद सुखविंद्र सिंह मक्कड़ व पार्षद परमानंद गौड सहित अन्य पार्षद मौजूद थे।

# खाजूवाला में अज्ञात जानवर से दहशत, दो बकरियों को मारा

**बीकानेर,**(कासं)। इंदिरा गांधी नहर क्षेत्र में अज्ञात खूंखार जानवर से दहशत का माहौल है। खाजूवाला सहित आसपास के गांवों में कुछ दिनों से बकरियों सहित अन्य जानवरों को मारा जा रहा है।

वन विभाग की टीम ने जानवर के फुट स्टेप भी लिए हैं लेकिन अब तक ये तय नहीं हो पाया कि जानवर कौनसा है। इससे पहले भी बीकानेर के खाजूवाला और लूणकरनसर एरिया में अज्ञात जानवर दहशत फैला चुके हैं। सीमावर्ती क्षेत्र खाजूवाला के बीकानेर रोड स्थित मोदी डेयरी के आसपास ये खूंखार जानवर बताया जा रहा है। 8 केजेडी में स्थिति हरीराम नाम के किसान की ढाणी में अज्ञात जानवर ने हमला करते हुए दो बकरियों व दो अन्य जानवरों को मार दिया। किसानों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पहुंची व पद चिन्हों के आधार पर

- **ये जानवर दिन में गायब रहते हैं लेकिन रात के अंधेरे में हमला करने से चार जानवरों की मौत हो गई**

इस जानवर की पहचान की जा रही है।

किसान मंगा सिंह ने बताया कि पिछले 5-6 दिनों से 8 केजेडी के आसपास दो जानवर घूमते हुए देखे गए। ये जानवर दिन में गायब रहते हैं लेकिन रात के अंधेरे में हमले करते हैं। किसान हरिराम के घर में दो बकरियों व दो अन्य जानवरों की मौत हो गई। एक साथ हुई 4 जानवरों की मौत के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और लोगों में भय का माहौल है। किसानों की सूचना पर बेरियावाली वन विभाग की टीम मौके पहुंची और पद चिन्हों के आधार पर जांच शुरू की है।

वनपाल नवरतन चौधरी ने बताया कि फुट स्टेप के आधार पर प्रथमदृष्टया जरख होने की आशंका है। इसके साथ ही वन विभाग टीम ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि इस प्रकार के जानवर फिर से दिखे तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें। आसपास के किसानों को भी सूचना दें ताकि पकड़ा जा सके। इससे पहले भी खाजूवाला, महाजन, लूणकरनसर व श्रीडूंगरगढ़ के किसान खूंखार जानवर के आतंक से दहशत में रहे हैं। इसी साल लूणकरनसर व श्रीडूंगरगढ़ में किसानों के साथ वन विभाग की टीम ने भी खेत और जंगल खंगाले थे। तब आशंका थी कि शेर जैसा कोई जानवर शहरी क्षेत्र में घुस आया है। तब भी फुट स्टेप लिए गए थे लेकिन पकड़ में नहीं आया।

## मतदान केन्द्र का अधिग्रहण

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पदमपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सांवतसर में सरपंच पद के उपचुनाव के लिए 25 नवम्बर को मतदान करवाया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ स्वामी ने बताया कि पदमपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सांवतसर पद के उपचुनाव के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांवतसर को मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान केन्द्र संख्या 80 के लिये वार्ड संख्या 1 से 3 के 631 मतदाता, मतदान केन्द्र संख्या 81 के लिये वार्ड संख्या 5 से 7 के लिये 848 मतदाता, मतदान केन्द्र संख्या 82 के लिये वार्ड संख्या 8, 9,11 के लिये 758 मतदाता और मतदान केन्द्र संख्या 83 के लिये वार्ड संख्या 4 व 10 के लिये 750 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। पंचायत उपचुनाव के लिये 24 नवम्बर को दोपहर से 25 नवम्बर को मतदान समाप्ति तक मतदान केन्द्र का अधिग्रहण किया गया है।

# दो बच्चों सहित टंकी पर चढ़ी महिला

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र की रावला मंडी में बुधवार को एक पत्नी अपने पति से परेशान होकर पानी की टंकी पर चढ़ गई है। महिला अपने दो बच्चों को भी पानी की टंकी पर साथ ले गई है।

जानकारी के अनुसार यह महिला अपने पति से अलग रह रही है और बच्चो के भरण पोषण की मांग कर रही है। मौके पर पुलिस और बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए हैं। जानकारी के अनुसार महिला द्वारा काफी समय पहले पुलिस में परिवाद दिया था और ससुराल पक्ष से प्रोपर्टी में हिस्सा मांगा जा रहा था। लेकिन विवाद का हल नहीं निकलने पर यह महिला पुलिस थाने के पास बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई। पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सियाग ने बताया कि रावला थाना अधिकारी आलोक सिंह व रावला मंडी के गणमान्य नागरिकों के द्वारा महिला से समझाइश का प्रयास कर उसे नीचे उतारने का

- **पति से प्रोपर्टी में हिस्से की मांग, प्रशासन समझाइश में जुटा**

प्रयास कर रहे हैं।

सुबह के समय महिला द्वारा अपने दो बच्चों को साथ लेकर पानी के टंकी पर चढ़ने के मामले के कारण पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। टंकी पर दो छोटे बच्चों के होने के कारण प्रशासन ज्यादा सकते में हैं। थाना अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि महिला के पानी की टंकी पर चढ़ने पर ससुराल पक्ष के लोगों को मौके पर बुलाया जा रहा है। महिला प्रशासन को चेतावनी दे रही है कि जब तक उसे ससुराल पक्ष की प्रोपर्टी में हिस्सा नहीं मिल जाता और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी नहीं ली जाती तब तक पानी की टंकी से नीचे नहीं उतरेगी।

# डीबीटी वाउचर योजना के लिए पोर्टल शुरू

**बीकानेर,**(कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक पोर्टल आरम्भ किया गया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि योजना अन्तर्गत समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर (केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रमों कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय हेतु) राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र जो घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किराये पर लेकर अध्ययन करते हैं। उन छात्रों के लिए आवास, भोजन एवं बिजली-पानी इत्यादि सुविधाओं हेतु

- **अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के अन्तर्गत दो हजार रूपये प्रतिमाह प्रतिवर्ष दिये जाने का प्रावधान है**

पुनर्भरण राशि के रूप में अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के अन्तर्गत दो हजार रूपये प्रतिमाह प्रतिवर्ष दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ शैक्षणिक सत्र 2022-23 में राजकीय महाविद्यालय की स्नातक अथवा स्नातकोत्तर कक्षाओं में नियमित रूप से अध्ययनरत छात्रों को देय होगा।

## ब्रजभाषा कवि सम्मेलन 25 को

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी द्वारा 25 नवम्बर को सायं 6 बजे रवीन्द्र रंगमंच पर अखिल भारतीय ब्रजभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम संयोजक ब्रजभूषण गोस्वामी ने बताया कि कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि शिक्षा, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला तथा विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल होंगे। अकादमी के सचिव गोपाल गुप्ता ने बताया कि कवि सम्मेलन में ब्रजभाषा के कवि हास्य व्यंग्य, श्रृंगार एवं वीररस की कविताओं की प्रस्तुति देंगे। कवि ब्रजेन्द्र चकोर, श्यामसुंदर अकिंचन, शिवसागर शर्मा, भगवान मकरंद, वरूण चतुर्वेदी, चेतना शर्मा, प्रमिला गंगल, लक्ष्मण सिंह अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**बीकानेर,**(कासं)। लूणकरनसर में ईंट भट्टों पर काम करने वाले तीन मजदूर बाइक पर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि सड़क पर चारे से भरी दो पिकअप खड़ी थी। इसी कारण सामने से आ रहा ट्रक नजर नहीं आया। लूणकरनसर के चक 264 के पास हरियासर गांव में ईंट का भट्टा है। इसी भट्टे पर हनुमानगढ़ के पीलीबंगा निवासी तीन दोस्त काम करते हैं। बुधवार को अमावस्या के कारण अवकाश था। ऐसे में तीनों दोस्त लूणकरनसर घर का सामान लेने गए थे। वापसी के दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। बाइक पर

- **उछलकर दूर-दूर गिरे तीनों, सभी ने मौके पर ही तोड़ा दम**
- **हरियासर गांव में ईंट भट्टे पर पीलीबंगा निवासी तीन दोस्त काम करते थे, वे सामान लेने गए थे**

सवार राजू पुत्र बृजलाल नायक, मदन लाल पुत्र चौथराम मेघवाल और श्योपत पुत्र बृजलाल नायक की मौके पर ही मौत हो गई। राजू और श्योपत सगे भाई थे। इन तीनों के ऊपर से ट्रैक्टर निकल गया। ऐसे में तीनों दूर-दूर सड़क पर गिरे मिले। आसपास के लोग अस्पताल भी लेकर गए लेकिन तीनों मृत थे। अब तीनों की बॉडी लूणकरनसर अस्पताल में रखी गई है, जहां तीनों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

मौके पर दो पिकअप गाड़ियां खड़ी थी। इसी कारण ट्रैक्टर और बाइक सवार दोनों को कोई भी नजर नहीं आया। ऐसे में दोनों आमने-सामने टकरा गए। आमतौर पर ऐसी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी करके ड्राइवर इधर-उधर चले जाते हैं। गाड़ी की साइज से दो गुना ज्यादा सामान भरा जाता है, जिससे सामने वाला नजर नहीं आता है।

# रोडवेज कर्मचारियों के चक्का जाम हड़ताल को बीएसएनएलइयू का समर्थन

**बीकानेर,**(कासं)। रोडवेज कर्मियों के 9 वें चरण के आंदोलन के समर्थन में आज बीएसएनएलइयू के प्रदेशाध्यक्ष कमल सिंह गोहिल के नेतृत्व में बीएसएनएलइयू के जिला सचिव गुलाम हुसैन, नारायण दत्त मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश भार्गव, मोहम्मद गुलजार भाटी, मारूफ पठान, अजय सोलंकी ओर अनेक साथी श्रीगंगानगर रोड़ स्थित केन्द्रीय रोडवेज बस स्टैंड ओर कार्यशाला स्थिति रोड़वेज के धरना आंदोलन स्थल पर पहुंच बीएसएनएलइयू की ओर से आंदोलन को समर्थन दिया गया।

इस अवसर पर कमल सिंह गोहिल में आंदोलनकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछली भाजपा सरकार के शासनकाल में भी रोडवेज कर्मचारियों का आंदोलन चल रहा था। उस दौरान भी हम यहां समर्थन दने आये थे। उस समय सरकार ने वार्ता के नाम पर आंदोलन



रोडवेज कर्मचारियों के चक्का जाम हड़ताल को लेकर धरने को इंटक के वरिष्ठ नेता हेमन्त किराडू ने संबोधित किया।

को लम्बा खींचा ओर अंततः चुनाव आचार सहिंता के नाम पर रोडवेज कर्मियों के साथ छलावा कर उनके आंदोलन को निष्फल कर दिया। उस समय वर्तमान सरकार के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराया तो फिर आज कांग्रेस सरकार के चार साल से अधिक शासन में क्यों रोडवेज कर्मचारी अपनी जायज मांगों के लिये प्रताड़ित हो रहे हैं। खाचरियावास अब चुप क्यों है।

उनकी तो यही मांग है कि सेवानिवृत कर्मचारियों को समय पर पेंशन मिले और कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन मिले। जनता के हित में नई बसों की मांग है और पुरानी बसों के रखरखाव के लिये बजट मांग रहे हैं। इसमें वे ऐसा क्या मांग रहे हैं जिस पर अपने आपको जन कल्याणकारी सरकार कहने वाली सरकार उनके पिछले तीन माह से चल रहे आंदोलन पर विचार नहीं कर रही।

आज राजस्थान सरकार, उसके नुमाइंदों, नौकरशाहों और मंत्रियों की संवेदनशीलता कहां गई। क्या चक्का जाम करने पर ही उनकी मांगें मानी जायेगी। यदि राजस्थान सरकार इसी तरह हठधर्मिता दिखाती रही तो राजस्थान एवं

- **सरकार उनके तीन माह से चल रहे आंदोलन पर विचार नहीं कर रही**

केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी ट्रेड संगठन के कर्मचारी सामूहिक हड़ताल करने को विवश होंगे। क्यों कि इस निजीकरण के दौर में यदि अपने- अपने विभागों को बचाना है तो सभी ट्रेड यूनियन को एक होना ही होगा। श्रीगंगानगर में रोडवेज कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। गुरूवार को 24 घंटे की हड़ताल की जायेगी। बुधवार रात बारह बजे से धरना हड़ताल में बदल जायेगा। श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ रोड स्थित रोडवेज के चीफ मैनेजर ऑफिस के सामने धरना लगा रखा है।

## कक्षा कक्ष का लोकार्पण

**अनूपगढ़,**(कासं)। आदर्श कॉलोनी में स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आज 10 लाख रुपये की लागत से विधायक कोटे में बने विशाल कक्षा कक्ष का लोकार्पण किया गया। विधायक संतोष बावरी ने बताया कि कुछ समय पहले आदर्श विद्या मंदिर प्रबंधन समिति के पूर्व व्यवस्थापक मांगीलाल जांगिड़ ने कहा था कि स्कूल में एक विशाल कक्षा कक्ष की आवश्यकता है। इस पर विधायक कोटे से 10 लाख रूपये देने की घोषणा की थी और विशाल कक्षा कक्ष का निर्माण कार्य शुरू करवाया था। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। लोकार्पण कार्यक्रम में मंच पर विधायक संतोष बावरी, पालिका अध्यक्ष प्रियंका बैलान, पालिका उपाध्यक्ष सतपाल मुंजाल व्यापार मंडल अध्यक्ष बूलचन्द चुघ, अधिशासी अधिकारी लाजपत विश्नोई ,आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष मालाराम शर्मा,संस्थापक अध्यक्ष मानाराम कूकना, भामाशाह मुकुंद बाघला मौजूद थे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN-L65910KL1992PLC006623, IV/470A (old) W638A(New), Manappuram House, Valapad, Thrissur, Kerala - 680 567.

## निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.12.2022 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680700021740, 1988, 2010, 2054, 2178, 2258, 2302, 2304, 2312, 2322, 2328, 2338, 2339, 2342, 2355, 2357, 2367, 2368, 2378, 2380, 2384, 2387, 2391, 2395, 2408, 2417, 2436, 2438, 2439, 117680730043794, 4120, 4322, 4323, 4588, 4662, 4695, 4723, 4736, 4767, 4786, 4787, नोखा, 135170700012330, 2489, 2490, 2501, 2504, 2538, 2548, 2559, 2593, 2602, 2639, 2669, 2677, 2680, 2718, 2721, 2727, 2752, 2816, 2867, 2890, 2912, 2921, 2932, 2938, 2945, 2951, 2961, 2965, 2968, 2976, 2978, 2981, 2983, 2986, 2987, 2992, 2994, 3014, 3021, 3026, 3027, 3044, 3050, 3051, 3054, 3062, 3063, 3066, 3083, 3085, 3087, 3089, 3090, 3092, 3093, 3102, 3104, 3106, 3115, 3116, 3120, 135170730033950, 4043, 4140, 4360, 4615, 4832, 4843, 4868, 4877, 4917, 4940, 4980, 5030, 5048, 5151, 5153, 5162, 5203, 5239, 5251, 5252, 5261, 5277, 5279, 5298, 5317, 5356, 5359, 135170780000024, पंच शती सर्कल, 115300700025265, 5332, 5377, 5748, 6393, 6482, 6511, 6543, 6612, 6747, 6750, 6764, 6782, 6785, 6793, 6795, 6800, 6807, 6819, 6820, 6826, 6828, 6835, 6842, 6843, 6848, 6863, 6869, 6874, 6882, 6883, 6884, 6886, 6891, 6892, 6898, 6902, 6908, 6916, 6918, 115300730063811, 3882, 5808, 7753, 8035, 8103, 8176, 8186, 8248, 8303, 8684, 8993, 9264, 9293, 9297, 9749, 9866, 9900, 9901, 9923, 9963, 115300730070071, 0102, 0117, 0138, 0212, 0259, 0327, 0361, 0417, श्री डुंगरगढ, 135300700011674, 1691, 1765, 1779, 1822, 1868, 1883, 1904, 1937, 1986, 1990, 2005, 2021, 2061, 2068, 2078, 2086, 2105, 2108, 2128, 2130, 2132, 2133, 2134, 2148, 2175, 2177, 2192, 2194, 2201, 2203, 2213, 2218, 2244, 2254, 135300730033898, 3982, 4261, 4554, 4587, 4594, 4681, 4683, 4695, 4795, 4808, 135300780000019, 0020, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700031557, 2181, 2425, 2551, 2599, 2945, 3034, 3068, 3188, 3233, 3245, 3249, 3298, 3356, 3361, 3392, 3400, 3411, 3519, 3529, 3532, 135100730032696, 2813, 2950, 3389, 3683, 3849, 3850, 3862, 3907, 4019, 4027, 4059, 4065, 4091, 4097, 4133, 4148, 4167, 4182, 4188, 4289, 4290, 4344, 4400, 4414, 4419, 4420, 4475, रविन्द्र पथ, 117420700032261, 2751, 2794, 2807, 2818, 2862, 2900, 3736, 3813, 3879, 3932, 4239, 4402, 4407, 4428, 4445, 4454, 4456, 4501, 4507, 4525, 4527, 4530, 4536, 4540, 4541, 4553, 4564, 4568, 4570, 4577, 4582, 4594, 4596, 4598, 4619, 4620, 4657, 4659, 4661, 117420730031039, 1984, 2046, 4256, 4329, 4370, 4594, 5295, 5365, 5371, 5372, 5385, 5398, 5415, 5430, 5503, 5544, 5551, सुखाड़िया सर्कल, 117490700019056, 9061, 9168, 9172, 9179, 9184, 9186, 9212, 9213, 9506, 9943, 9979, 9981, 9990, 9999, 117490700020003, 0013, 0045, 0049, 0056, 0065, 0069, 0075, 0077, 0078, 0084, 0086, 0089, 0094, 0095, 0121, 0133, 0139, 0145, 0148, 117490730017673, 7956, 8139, 8145, 8153, 9152, 9162, 9261, 9299, 9388, 9419, 9519, 9525, 9710, 9725, 9746, 9752, 9753, 9754, 9761, 9787, 9788, 9796, 9817, 9825, 9842, 9843, 9850, 9859, सूरतगढ राजस्थान, 135560700019023, 9232, 9248, 9266, 9279, 9326, 9334, 9335, 9336, 9337, 9344, 9353, 9369, 9375, 9377, 9379, 9383, 9391, 9399, 9951, 9970, 135560700020051, 0401, 0433, 0464, 0496, 0589, 0666, 0680, 0758, 0763, 0797, 0826, 0955, 1002, 1022, 1124, 1148, 1172, 1178, 1184, 1312, 1317, 1321, 1326, 1331, 1340, 1346, 1347, 1362, 1367, 1377, 1382, 1390, 1407, 1414, 1420, 1432, 1443, 1453, 1456, 1460, 1465, 1485, 1486, 1488, 1489, 1495, 1496, 1501, 1502, 1503, 1505, 1515, 1535, 1569, 1571, 1611, 135560730040258, 0462, 1882, 2711, 2734, 2867, 3357, 3982, 4035, 4036, 4055, 4074, 4075, 4109, 4152, 4198, 4270, 4291, 4295, 4301, 4303, 4318, 4367, 4397, 4411, 4426, 4431, 135560780000048, 0072, 0075,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9072604049 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु